नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 184/2021
Dt- 15-6-2021

जिला पदाधिकारी
मधुबनी।

विषयः–**मेरे द्वारा पूर्व में दिये गये पत्र पत्रांक 104/2021 दिनांक 7.3.2021 से संबंधित झंझारपुर विद्युत शक्ति केन्द्र पहुँच पथ निर्माण हेतु अनुमति देने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में नगर पंचायत झंझारपुर में ललित कर्पूरी स्टेडियम के निकट 33/11 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र(जेल पॉवर हाउस) का वर्ष 2020 में निर्माण कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी है। मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु पहुँच पथ का निर्माण नगर पंचायत झंझारपुर द्वारा कराया जाना है।

उक्त सड़क निर्माण हेतु अनुमति देने के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, झंझारपुर के पत्रांक 669 दिनांक 28.11.2019 के माध्यम से सड़क निर्माण हेतु अनुमति देने के संबंध में पत्र तत्कालीन जिला पदाधिकारी को प्रेषित किया गया है। विद्युत उपकेन्द्र तक पहुँच पथ नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। भविष्य में यदि किसी भी तरह का मशीन में खराबी होने पर उसे बदलने हेतु आवागमन में कठिनाई भी होगी।

ज्ञात हो कि पहुँच पथ निर्माण के लिए नगर पंचायत झंझारपुर पूर्णतः सक्षम एवं कार्य कराने को तैयार है। सिर्फ आपकी अनुमति लंबित रहने से कार्य में विलंब हो रहा है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न पत्र के आलोक में ललित कर्पूरी स्टेडियम के नजदीक निर्मित विद्युत शक्ति उपकेन्द्र झंझारपुर के पहुँच पथ निर्माण हेतु शीघ्र अनुमति देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
15.6.21

(संलग्न–निर्गत पत्र की छायाप्रति)

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in